आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 24.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज लंदन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ वार्ता करेंगे। ब्रिटिश प्रधानमंत्री के सरकारी निवास पर होने वाली ये बातचीत मुख्य रूप से दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों को नई गति देने पर केन्द्रित होगी। उनकी यात्रा का उद्देश्य रक्षा, व्यापार और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंध मजबूत करना है। यात्रा के दौरान भारत– ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होंगे। यात्रा के दूसरे चरण में प्रधानमंत्री मोदी कल लंदन से मालदीव जाएंगे।

0000

उप मुख्यमंत्री और पर्यटन, कला तथा संस्कृति मंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि तीज उत्सव युवा पीढ़ी के लिए राजस्थान की रंग–बिरंगी संस्कृति और परम्पराओं से रूबरू होने का अवसर है। जयपुर में तीज उत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बार ये उत्सव अब तक के सबसे भव्य स्तर पर मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें 200 लोक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। 27 और 28 जुलाई को जयपुर के त्रिपोलिया, सिटी पैलेस और चारदिवारी क्षेत्र में होने वाले तीज उत्सव में इस बार तीज माता के पूजन के लिए अलग से महिला पंडित भी होंगी। आयोजन का राज्यभर में 200 स्थानों पर सजीव प्रसारण दिखाया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने तीज उत्सव में शामिल होने के लिए राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को भी आमंत्रित किया। इस बीच नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में भी इन दिनों तीज उत्सव आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश की कला संस्कृति और परम्परा को दर्शाते सात दिवसीय आयोजन में राजीविका और रूडा की महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की स्टॉल लगायी गई है। मेले का आज देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने अवलोकन किया।

00000

प्रदेशभर में इन दिनों हरियालो राजस्थान अभियान के साथ ही हरियाली तीज महोत्सव की तैयारियां भी चल रही हैं। इस क्रम में भरतपुर में आज जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने अधिकारियों की बैठक लेकर जिलेभर में 15 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया। कलेक्टर ने 27 जुलाई को हरियाली तीज पर जिलास्तरीय वन महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया और ब्लॉक तथा पंचायत स्तर पर पौधारोपण करने के साथ जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये।

00000

राजस्थान बोर्ड की वर्ष 2026 की 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए आज से ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हुई। बोर्ड सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि सामान्य परीक्षा शुल्क के साथ आवेदन पत्र भरने की अखिरी तारीख 23 अगस्त निर्धारित है। बैंक में शुल्क जमा कराने तथा चालान प्रिंट की अंतिम तिथि 30 अगस्त है। वहीं आवेदन पत्र और चालान को 6 सितम्बर तक नोडल केन्द्र पर जमा कराया जा सकता है। स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिए 11 सितम्बर से आवेदन पत्र भरे जाएंगे। परीक्षा आवेदन पत्र की जानकारी बोर्ड की वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे जोधपुर संभाग के अपने प्रवास के तहत आज बालोतरा पंहुचे। उन्हें जिला मुख्यालय पर जहां पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। राज्यपाल ने कलक्ट्रेट परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा लगाया और बाद में जिला अधिकारियों की बैठक ली। राज्यपाल का आज ही जालौर दौरे का भी कार्यक्रम है।

00000

उप मुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा ने जैसलमेर के रामेदवरा में बाबा रामदेव की समाधी के दर्शन कर प्रदेश में खुशहाली की प्रार्थना की। उप मुख्यमंत्री ने मंदिर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लक्खी मेले की तैयारियों की जानकारी ली। इधर इस बार हुई अच्छी बारिश से रामदेवरा का एतिहासिक रामसरोवर तालाब करीब पूरा भर गया है। तालाब का जलस्तर 20 फीट के पास पंहुच जाने से स्थानीय लोगों के साथ यहां आने वाले श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के जरिये लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। ये इस रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगी। श्रोता इसके लिए 25 जुलाई तक सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा। इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्ज़ पर भी मिलेगी।

**0000**